nt>

Title: Need to check the naxalite activities in the tribal areas of Madhya Pradesh.

श्री लरंग साय (सरगुजा): सभापति महोदय, मध्य प्रदेश में बहुत सारे आदिवासी बाहुल्य जिले हैं, जहां सारे आदिवासियों को एक तरफ नक्सलाइट लोग परेशान कर रहे हैं। उनको अपने घर छोड़ कर भागना पड़ रहा है, वहीं पर अधिकारियों द्वारा भी वे प्रताड़ित किए जा रहे हैं। इतना ही नहीं वहां अधिकारियों और मंत्रियों, मुख्य मंत्रियों द्वारा भी वहां के आदिवासी सताए जा रहे हैं। इसका उदाहरण जबलपुर के हाईकोर्ट ने थाना प्रभारी मनेन्द्रगढ़ को निर्देश दिया है कि वह दिग्विजय सिंह और देवेन्द्र कुमार सिंह पर कानून के तहत कार्यवाही करें। वहां आदिवासियों को मुख्य मंत्री द्वारा परेशान किया जा रहा है। आदिवासियों को अपमानित कर रहे हैं । श्री दिग्विजय सिंङ और श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंह को हाईकोर्ट के निर्देशानुसार गिरफ्तार किया जाए ।